# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 06.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 06.09.2024 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में चित्रकूट पुलिस द्वारा शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी।

(3). आज दिनाँक 06.09.2024 को मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में माननीय उपराष्ट्रपति भारत के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत आरोग्यधाम में बने हेलीपैड व हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल वीआईपी मार्ग तक का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

भ्रमण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम. उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**(4).** आज दिनाँक 06.09.2024 को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन प्रयागराज श्री भानु भास्कर की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा श्री बालकृष्ण त्रिपाठी एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जी.एन. एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में माननीय उपराष्ट्रपति भारत के आगमन पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय सीतापुर का निरीक्षण किया गया तत्पश्चात आगमन व भ्रमण को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस बल के साथ राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट के सभागार में ब्रीफिंग की गई।

एडीजी महोदय ने कहा कि पूरे कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करने के लिए सम्पूर्ण क्षेत्र को 03 जोन व 09 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें 03 पुलिस अधीक्षक, 05 अपर पुलिस अधीक्षक, 18 पुलिस क्षेत्राधिकारी,75 निरीक्षक, 201 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 12 महिला उप निरीक्षक, 710 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल, 03 पीएससी कंपनी की डियूटी लगाई गई है। महोदय ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी, जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनायें।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम. अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठी उपाध्याय तथा बाह्य जनपद के आये समस्त अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

प्रेस नोटः-चित्रकूट पुलिस

माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

माननीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार/प्रभारी मंत्री जनपद चित्रकूट श्री नरेन्द्र कश्यप जी की अध्यक्षता में एवं मा0 विधायक मऊ मानिकपुर श्री अविनाश चन्द्र द्विवेदी, जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्री अशोक जाटव, मा0 भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष श्री लव कुश चतुर्वेदी, मां पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल, मा0 अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक बांदा चित्रकूट श्री पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

माननीय प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि कल महामहिम उपराष्ट्रपति जी का आगमन चित्रकूट में हो रहा है जिनके आगमन की तैयारी हम आप सभी को करना है, उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक कैसे पहुंचे इस पर हम सभी को कार्य करना है। विकास कार्यों के निर्माण का समापन समय से व गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए कानून व्यवस्था कायम रहे। यह लगातार माननीय मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास की गति में आगे बढ़ा है। आर्थिक स्थिति प्रदेश की मजबूत हुई है। प्रदेश का माहौल अनुशासित हुआ है। बहुत चुनौतियां हमारे सामने खड़ी होती है, उनसे हम सबको निपटना है सभी अधिकारी अपने कार्यशैली में बदलाव करें। जनता की अपेक्षाएं हमारी सरकार से रहती हैं कि माननीय मुख्यमंत्री जी जो कहते हैं वह धरातल पर उतरती हैं विद्युत की स्थिति में सुधार कराए जो समय सीमा ट्रांसफार्मर बदलने की दी गई है उसी के अनुसार शासन की मंशा के अनुरूप करें संकल्प व मजबूत इरादे की जरूरत है विद्युत विभाग 90 प्रतिशत जनता से जुड़ा हुआ है कोई समस्या हो तो अवगत कराया जाए उसका निस्तारण कराया जाएगा हम सब लोग विकास के प्रहरी बनाकर कार्य करें जब टीम का हिस्सा बनकर कार्य करेंगे तो कार्य अच्छा होगा उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से कहा कि समय से सड़कों के निर्माण कार्य कराए हमारा प्रदेश सड़कों के निर्माण में आगे है सड़कों के निर्माण में जब देश व प्रदेश आगे है तो चित्रकूट जनपद पीछे ना रहे मुख्यमंत्री जी प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर बाहर के निवेशकों के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों पर उद्योग स्थापित करा रहे हैं उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम उत्तर प्रदेश बनाने में हम आप सभी लोग कार्य करें केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं को जनपद चित्रकूट की पावन धरा पर उतर कर कार्य करें।

जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी एन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा जो दिशा निर्देश दिया गया है उसका अक्षरशः पालन कराया जाएगा और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाया जाएगा।

मा0 प्रभारी मंत्री ने बैठक में भवन निर्माण, सड़क निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, शहरी, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा के कार्यों, एंबुलेंस का संचालन, दवाओं की उपलब्धता, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, विद्युत आपूर्ति, कृषि रक्षा रसायन, बीज डीबीटी, शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संप्रदाय योजना, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, निराश्रित महिला पेंशन, कन्या सुमंगला योजना, प्रोजेक्ट अलंकार, सेतुओं का निर्माण, नई सड़कों का निर्माण, सड़कों का अनुरक्षण, कौशल विकास मिशन, कन्या विवाह सहायता योजना, मातृ शिशु एवं बालिका मदद योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, खनिज, स्टाम्प आदि विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की।

बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे बंदिता श्रीवास्तव ,अपर उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी श्री नरेंद्र कुमार सिंह, डीसी मनरेगा श्री धर्मजीत सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इन्द्र नारायण सिंह, डीसी एनआरएलएम श्री ओमप्रकाश,सब रजिस्ट्रार कर्वी श्री राजेश सिंह,सहित संबंधित अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।